आ0सं0:–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–03 / 2024............................दिनांक–

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

आदेश

छपरा जिलान्तर्गत मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अन्तर्गत दिघवारा प्रखंड के जय गोबिन्द सिंह उच्च विद्यालय सारण के स्टेडियम निर्माण कार्य में अतिक्रमण मुक्त चहारदीवारी के शेष कार्य नहीं किये जाने के कारण संवेदक को दोषी मानते हुए मुख्य अभियंता(उत्तर), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1858(भ)अनु० दिनांक–07.08.2023 द्वारा संवेदक, ब्रजेश कुमार पाण्डेय, पता–बागमली, हाजीपुर, अंचल–हाजीपुर, वैशाली, पिन–844101 निबंधन संख्या–तृतीय(व्यक्तिगत)100 / भवन / 2013 के विरूद्ध बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के तहत कार्रवाई करने हेतु अनुशंसा की गयी है।

इस संबंध में दिनांक–03.04.2024 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन / कालीकरण संबंधित बैठक में समिति द्वारा उक्त मामले में संवेदक से स्पष्टीकरण पूछने का निर्णय लिया गया । तदुनसार विभागीय पत्रांक–3402(भ)अनु० दिनांक–29.04.2024 द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी । संवेदक का जवाब अप्राप्त ।

दिनांक–20.06.2024 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन / कालीकरण संबंधित बैठक में समिति द्वारा संवेदक को स्मार पत्र देने का निर्णय लिया गया । तदुनसार विभागीय पत्रांक–5857(भ)अनु० दिनांक–31.07.2024 द्वारा संवेदक को स्मारित किया गया। संवेदक का जवाब प्राप्त ।

दिनांक–13.09.2024 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन / कालीकरण संबंधित बैठक में समिति द्वारा मुख्य अभियंता(उ0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना से संवेदक से स्पष्टीकरण पर स्पष्ट मंतव्य की मांग करने का निर्णय लिया गया । तदनुसाद विभागीय पत्रांक–8464(भ)अनु0 दिनांक–21.10.2024 द्वारा मुख्य अभियंता(उ०), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना से स्पष्ट मंतव्य की मांग की गयी । मंतव्य अप्राप्त ।

तत्पश्चात् विभागीय पंत्राक–92(भ)अनु० दिनांक–03.01.2026 पत्रांक–5151(भ)अनु० दिनांक– 05.06.2025, पत्रांक–2445(भ)अनु० दिनांक–12.03.2026 द्वारा मुख्य अभियंता(उ०), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को स्मारित किया गया। मंतव्य प्राप्त ।

दिनांक–19.03.2026 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन / कालीकरण समिति बैठक में समिति द्वारा मुख्य अभियंता(उ०) से प्राप्त मंतव्य पर विचार किया गया । विचारोपरांत स्पष्ट मंतव्य नहीं देने के कारण पुनः मुख्य अभियंता(उ०), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना से स्पष्ट मंतव्य की मांग करने का निर्णय लिया गया । तदालोक में विभागीय पत्रांक–3058(भ)अनु० दिनांक–30.03.2026 द्वारा मुख्य अभियंता(उ०) को स्पष्ट मंतव्य प्राप्त करने हेतु पत्र दिया गया। मंतव्य प्राप्त ।

दिनांक–28.04.2026 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन/कालीकरण समिति बैठक में समिति द्वारा मुख्य अभियंता(उ०) द्वारा दिये गये मंतव्य पर समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत मुख्य अभियंता(उ०) द्वारा प्राप्त मंतव्य "चूँकि स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराने में काफी समय लग गया एवं कार्य पूर्ण कराने के लिए निर्धारित समयावधि अतिक्रमण मुक्त कराने से पूर्व ही समाप्त हो चुकी थी । जिसके कारण संवेदक द्वारा शेष कार्य करने से इनकार कर दिया गया । जिसमें सम्पूर्ण जवाबदेही संवेदक की नहीं होती है। तदालोक में संवेदक के विरूद्ध किसी भी प्रकार के दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने की अनुशंसा" को मानते हुए समिति द्वारा उक्त मामले को संचिकास्त करने का निर्णय लिया गया।

अतः विषयांकित निर्माण कार्य में संवेदक, ब्रजेश कुमार पाण्डेय, पता–बागमली, हाजीपुर, अंचल–हाजीपुर, वैशाली, पिन–844101 निबंधन संख्या–तृतीय(व्यक्तिगत)100/भवन/2013 को निलंबन की कार्रवाई से मुक्त करते हुए विषयांकित मामले को संचिकास्त किया जाता है।

ह0/–
(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–भवन–13/अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन/कालीकृत–03/2024.................... पटना,दिनांक–

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः–संवेदक, ब्रजेश कुमार पाण्डेय, पता–बागमली, हाजीपुर, अंचल–हाजीपुर, वैशाली, पिन–844101 निबंधन संख्या–तृतीय(व्यक्तिगत)100/भवन/2013 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–भवन–13/अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन/कालीकृत–03/2024........................पटना,दिनांक–

प्रतिलिपिः–सचिव के वरीय आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग/पथ निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/ऊर्जा विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/योजना एवं विकास विभाग/प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना/सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता,भवन निर्माण विभाग/मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– भवन–13/अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन/कालीकृत–03/2024.........4356 (7) पटना,दिनांक–14/5/26

प्रतिलिपिः–आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

14.5.26

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव